# मेरी विनती सुनलो महाकाल सरकार | By Suren Namdev

मेरी विनती सुनलो जी हे महाकाल सरकार
मरी अर्ज़ी सुनलो जी हे महाकाल सरकार
मेरा पल्ला पकड़ के रखना हे जग के पालनहार
मेरी विनती सुनलो जी हे महाकाल सरकार

तेरे संग शाम मेरी तेरे संग सवेरा है
तेरे संग उजाला है बिन तेरे अँधेरा है
है सब कुछ बाबा तेरा तू जीवन का आधार
मेरी विनती सुनलो जी हे महाकाल सरकार

दर्द के समंदर का तू ही किनारा है
टूट के जो बिखरुं तो तू ही सहारा है
ये जीवन तुझपे वारा मैंने तो बारम्बार
मेरी विनती सुनलो जी हे महाकाल सरकार

जो भी तेरी नगरी आया वो तो तेरा बन आया
वो ना कभी हारेगा अब साथ तेरा ऐसा पाया
ये जीवन उसका खारा जिसे मिला ना तेरा प्यार
मेरी विनती सुनलो जी हे महाकाल सरकार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%a8%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%b8/